<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा द्वारा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



नई दिल्ली, 8 मार्च, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज नई दिल्ली में "दान से लाभ " विषय के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 मनाया गया , जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में महिलाओं के योगदान के बारे मान्यता दी गई और उन्हें सतत विकास की दिशा में नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एफईवी इंडिया की निदेशक (मानव संसाधन) और व्यवहार विशेषज्ञ, सुश्री अनु सेठी उपस्थित थीं। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास और निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार महान्ती सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने इस समारोह में भाग लिया। इरेडा के कर्मचारियों की पत्नियों/पतियों और उनके माताओं ने भी भाग लिया, जिससे इस अवसर पर समग्र इरेडा परिवार के साथ उत्सव मनाया गया।





अपने संबोधन में, सीएमडी द्वारा इरेडा के विकास में महिला कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और सुशासन, कॉर्पोरेट मूल्यों और संस्थागत प्रदर्शन को मजबूत करने में लैंगिक विविधता के महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया । उन्होंने कहा कि इरेडा के कार्यबल में महिलाएं लगभग 23 प्रतिशत हैं, जोकि किसी सीपीएसई में सबसे अधिक है। उन्होंने पुरुषों से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए "3आर- पहचान, सम्मान और प्रतिबिंब" का पालन करने का आग्रह किया।

मुख्य अतिथि, सुश्री अनु सेठी द्वारा दैनिक अभ्यास और मेडिटेशन पर एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित की गई , जिसमें कार्य क्षेत्र और जीवन के बीच संतुलन प्राप्त करने करने के बारे अंतर्दृष्टि साझा की गई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सतत सफलता स्पष्टता, संतुलन और आंतरिक स्थिरता से आती है।

इस समारोह को संबोधित करते हुए, डॉ. महान्ती ने महिला कर्मचारियों को आत्मविश्वास के साथ उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और अग्रणी महिलाओं के प्रेरक उदाहरणों के बारे में वर्णन किया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिए हैं ।

इस दौरान एक खुला संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जहां कर्मचारियों के जीवनसाथियों ने सीएमडी के साथ बातचीत की। यह इरेडा के संगठन-व्यापी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का लगातार चौथा वर्ष है, जिसमें महिला और पुरुष दोनों कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी है, जोकि कार्यस्थल समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।